खंड– 4 अंक–119 दिनांक– 01/02/2019

प्रतिबंधित संचलन

के. रि. पु. बल ई–संवाद
सेवा एवं निष्ठा

महानिदेशक सीआरपीएफ का झारखंड दौरा

31 जनवरी 2019 को महानिदेशक सीआरपीएफ ने झारखंड के खुंटी जिले का दौरा किया और 29/01/2019 को 05 नक्सलियों को मार गिराने , 02 को पकड़ने तथा 09 हथियार बरामद करने वाली 209 कोबरा और राज्य पुलिस की बहादुर टीमों को महानिदेशक डिस्क से सम्मानित किया।

रक्तदान शिविर

26 जनवरी 2019 को झारखंड सेक्टर सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने संयुक्त रूप से रक्तदान किया। 70 वें गणतंत्र दिवस को मनाते हुए रांची में 70 यूनिट रक्तदान किया गया। झारखंड के 15 अन्य जिलों में सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा कुल 1017 यूनिट रक्तदान किया गया।

झारखंड में 209 कोबरा की वीरतापूर्ण कार्रवाई

राज्य से चरमपंथ के उन्मूलन मे लगे सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली जब 29 जनवरी 2019 को 209 कोबरा और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने झारखंड राज्य के जिला खूंटी के गांव रत्कोटोली में एक मुठभेड़ के दौरान पांच पीएलएफआई के सदस्यों को मार गिराया और अन्य दो को पकड़ लिया। मृतकों में पीएलएफआई एरिया कमांडर प्रभु सहाय बोदरा भी शामिल था जिसके सर पर दो लाख रूपये का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से 02 एके–47/एकेएम राइफलें, .303 राइफलें 02 और 05 पिस्तौल सहित 263 कार्टेज, एक वायरलेस सेट और विस्फोटक सामग्री बरामद की।

माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों पर गोलीबारी के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जोकि लगभग दो घंटे तक चली । उनके पांच सदस्य मारे गए और कई घायल हुए। घने जंगलों और उबड़खाबड़ रास्तो का फायदा उठाकर माओवादी भाग निकले। जवानों ने दो माओवादियों को पकड़ लिया और उन्हें राजेंद्र आर्युविज्ञान संस्थान(रिम्स) रांची में भर्ती करवाया गया है।